हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 35 देहरादून, सोमवार, 25 जुलाई, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पूरे देश में टोल दरें एक समान 3

# भूस्खलन से उत्तराखंड में 157 मार्ग बंद, लंबगांव उत्तरकाशी सड़क का 20 मीटर हिस्सा ध्वस्त

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड में बारिश परेशानी का सबब बनी हुई है। आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक लोक निर्माण विभाग के तहत 71 और पीएमजीएसवाई के तहत 86 मार्ग बंद हुए हैं। जिन्हें विभागीय एवं निजी मशीनों के जरिये खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद मार्गों को खोलने के लिए एआईएस मॉडल जीपीएस तकनीक स्थापित की गई है, इसकी सहायता से मशीनों की ट्रैकिंग की जा सकती है। लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड के तहत कुल 398 मशीनें बंद मार्गों को खोलने के लिए लगाई गई है। ऊर्जा विभाग के तहत राज्य के अधिकतर जिलों में विद्युत आपूर्ति सुचारु है, जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला में भारी बारिश की वजह से हुनेरा, खुमती, तालीकांड आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित है।

इसके साथ ही चमोली जिले के गोपेश्वर में गैरपुल, तगासा, काथुर, डोकरी आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित है। विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पेयजल निगम के तहत 65 योजनाओं में अतिवृष्टि एवं आपदा के कारण योजनाएं प्रभावित हुई। जिसे सुचारु कर दिया गया है।

लंबगांव-उत्तरकाशी मोटर मार्ग यातायात के लिए बाधित हो गया। महेड़ देवता मंदिर के समीप सड़क का लगभग 20 मीटर हिस्सा




धंसकर जलकुर नदी में समा गया है। प्रतापनगर क्षेत्र के लोगों को उत्तरकाशी जाने के लिए अब 35 किमी का अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। लंबगांव, चमियाला से उत्तरकाशी जाने वाले वाहनों का आवागमन अब स्यालगी-भरपूर, बिजपुर-पनियाला मोटर मार्ग से हो रहा है।

बीती रात हुई बारिश के दौरान महेड़ देवता मंदिर के समीप लंबगांव-उत्तरकाशी मोटर मार्ग का बड़ा हिस्सा टूट गया। सड़क का लगभग 20 मीटर हिस्सा धंसकर जलकुर नदी में समा गया है। उक्त स्थान पर बिजली का पोल भी टूट गया है। बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त होने से रौणद रमोली क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से प्रतापनगर और चमियाला क्षेत्र के लोगों को उत्तरकाशी आनेजाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तरकाशी आनेजाने वालों वाहनों का संचालन स्यालगी-भरपूर, बिजपुर-पनियाला मोटर मार्ग से हो रहा है। मार्ग से उत्तरकाशी पहुंचने के लिए प्रतापनगर और चमियाला क्षेत्र के लोगों को लगभग 35 किमी का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है जिसमें समय की बर्बादी के साथ ही लोगों को वाहनों से आवागमन करने के लिए अधिक किराया भुगतान करना पड़ रहा है।

# धामी सरकार में 2 PCS अफसरों का हुआ ट्रांसफर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर अधिकारियों का तबादला कर दिया है बीते कुछ दिनों से लगातार अधिकारियों के तबादले हो रहे हैं और इस बार 2 वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने अपने साथ जोड़ लिया है। जी हां यह खबर आ रही है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी ललित मोहन रयाल को अपर सचिव मुख्यमंत्री और नवनीत पांडे को अपर सचिव मुख्यमंत्री बना दिया है। आज जारी इस आदेश के बाद एक बार फिर उन अधिकारियों में बेचैनी बढ़ गई है जो यह सोच रहे थे कि तबादलों का यह सिलसिला



उत्तराखण्ड शासन
कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग–1
संख्या 316/XXX–1–2022
देहरादून : दिनांक 23 जुलाई, 2022

कार्यालय–आदेश

तात्कालिक प्रभाव से राज्य सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनके न[illegible] सम्मुख स्तम्भ–5 के अनुसार तैनात किये जाने का निर्णय लिया गया है :–

| क्र सं. | अधिकारी का नाम/ पदनाम | वर्तमान तैनाती | Removed | Added |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री ललित मोहन रयाल, PCS | अपर सचिव, कार्मिक एवं सतर्कता | – | अपर सचिव, मा0 मुख्यमंत्री |
| 2 | श्री नवनीत पाण्डे, PCS | अपर सचिव, शहरी विकास, निदेशक, शहरी विकास, देहरादून | – | अपर सचिव, मा0 मुख्यमंत्री |

थम गया होगा लेकिन मुख्यमंत्री ने एक बार फिर अपने अपर सचिव बनाकर यह इशारा कर दिया है कि तबादलों का ये सिलसिला आगे भी जारी रहेगा

# टॉपर अग्रिमा प्रधान को स्पीकर ऋतू खंडूरी भूषण ने सम्मानित किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 99.8 फीसदी अंक हासिल कर देहरादून रीजन में टॉप करने वाली दून की अग्रिमा प्रधान को आज उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया साथ ही अग्रिमा के माता पिता को भी सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष के शासकीय आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अग्रिमा प्रधान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने अग्रिमा को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष से बातचीत के दौरान द एशियन स्कूल में अध्ययनरत अग्रिमा प्रधान ने बताया की वह भविष्य में सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना चाहती हैं। अभी वह शहर के एक कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रही हैं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता को दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान अग्रिमा के पिता



लेफ्टिनेंट कर्नल एसके प्रधान एवं माता सुभाश्री प्रधान को बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष ने आशा व्यक्त कि इसी प्रकार अग्रिमा प्रधान कड़ी मेहनत एवं लगन से भविष्य में नई ऊंचाइयों को छूकर अपने परिवार सहित प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

## आइएससी का परिणाम घोषित

# देहरादून के वैभव अरोड़ा और ऋषिकेश के संस्कार ध्यानी ने किया प्रदेश टाप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। काउंसिल आफ इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआइएससीई) ने लंबे इंतजार के बाद रविवार को आइएससी यानी 12वीं का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें उत्तराखंड के होनहारों ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है।

देश में शीर्ष तीन स्थान पाने वाले 154 होनहारों में उत्तराखंड के छह छात्र-छात्राएं शामिल हैं। दून के कारमन स्कूल के छात्र वैभव अरोड़ा और ऋषिकेश के ऋषिकेश पब्लिक स्कूल के संस्कार ध्यानी 99.50 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से उत्तराखंड टापर बने हैं। देश में उन्होंने दूसरा स्थान हासिल किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का उत्तराखंड बनाने को राज्य सरकार कृतसंकल्प है।

इसके अलावा दून के सेंट जोजफ्स एकेडमी के छात्र आकर्ष गुंजेश, ब्राइटलैंड्स स्कूल के छात्र सार्थक वत्स, यूनिसन वर्ल्ड की छात्रा रुचिका अग्रवाल और नैनीताल के सेंट मैरी कान्वेंट की छात्रा अवनी जोशी ने 99.25 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया हैं। देश में उनका तीसरा स्थान है।

कोरोना की वजह से सीआइएससीई ने इस बार 10वीं और 12वीं की परीक्षा दो चरण में आयोजित की थी। पहला चरण नवंबर 2021 में हुआ था, जबकि दूसरे चरण की परीक्षा इस साल अप्रैल में हुई थी। तभी से छात्र-छात्राएं परिणाम का इंतजार कर रहे थे।

रविवार शाम परिणाम जारी होने के बाद से बोर्ड से संबंद्ध स्कूलों में बच्चों के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। परीक्षा में सफल हुए छात्रों ने शिक्षकों और स्वजन के साथ खुशी मनाई। शिक्षकों ने





कहा कि कोरोना के मुश्किल समय में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दून के सेंट जोजफ्स एकेडमी, कान्वेंट आफ जीसस एंड मैरी, ब्राइटलैंड्स स्कूल, समरवैली स्कूल, कैमब्रियन हाल, कारमन स्कूल, सेंट थामस कालेज समेत अन्य स्कूलों में छात्रों ने शिक्षकों के साथ सफलता की खुशी मनाई।

आइएससी के परीक्षा परिणाम में मसूरी में सेंट जार्ज कालेज और वाइनवर्ग एलन स्कूल के छात्रों ने लोहा मनवाया है। शहर में पहले छह स्थान पर सेंट जार्ज कालेज के छात्र रहे। सेंट जार्ज कालेज के आदि जैन ने 98.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मसूरी में पहला स्थान पाया।

आराध्य डंग व पीयूष गुप्ता ने 97.75, राघव राठी ने 97.25, आदित्य अग्रवाल व दिव्येष घोष ने 96.75 अंक प्राप्त किए। वहीं, वाइनवर्ग एलन स्कूल की मानसी भाटिया ने 96.5, सनिका बर्नवाल ने 96.25, तेनजिन वांग्मों व तन्नूवी अग्रवाल ने 96, प्रवीन पावडेल, निकिता आर्य, साम्राज्ञी गुप्ता व श्रेया राणा ने 95.75 और काव्या गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। गुरुनानक फिफ्थ सेंटेनरी स्कूल की सोनम बडोला ने 93.75, पुनीत ग्रेवाल ने 91.5, कृतिका बतरा ने 91 प्रतिशत, हैंपटन कोर्ट स्कूल की खुशी भंडारी ने 92, विनीत कश्यप ने 89.8, प्रिया नेगी ने 88.8, मसूरी पब्लिक स्कूल की प्रज्ञा पंवार ने 90.5, शोएब अली ने 88.5, सुभाष अगारी ने 85.25, निष्ठा ने 85, अनुज कंडारी ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

# नैनो टेक्नोलॉजी क्या है इसकी खोज किसने और कब की ?



महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनो टेक्नोलॉजी- वर्तमान समय में विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है. नई नई तकनीक हमारे सामने आ रही है. जिनके बारे में काफी लोगों के मन में जिज्ञासा उत्पन्न होती है. इसका कारण यह है कि जितना विज्ञान तरक्की करता है , उतना कहीं ना कहीं हमारे जीवन में उसका सीधा प्रभाव पड़ता है. इसकी कारण तकनीकों से संबंधित लोगों के मन में कई तरह के सवाल होते हैं. इसी तरह का एक सवाल जो आमतौर पर पूछा जाता है कि नैनो टेक्नोलॉजी क्या है इसकी खोज किसने और कब की ? अगर आपके मन में भी ऐसा ही सवाल है, तो इसका जवाब आपको मिलेगा महविश की इस खबर में

**नैनो टेक्नोलॉजी क्या –**

किसी भी तकनीक के बारे में जानने से पहले हमारे लिए यह जानना आवश्यक होता है कि आखिर वह नकनीक है क्या. अगर नैनो टेक्नोलॉजी की बात करें, तो इस तकनीक के द्वारा किसी भी पदार्थ में परमाणु , आणविक और सुपरमॉलीक्यूलर स्तर पर परिवर्तन किए जाते हैं. यह तकनीक अणुओ और परमाणुओं की एक इंजिनियरिंग है. जो भौतिकी, रसायन, बायो इन्फॉर्मेटिक्स व बायो टेक्नोलॉजी जैसे विषयों को आपस में जोड़ती है. अगर नैनो टेक्नोलॉजी शब्द की बात करें, तो यह शब्द प्रोफेसर नोरियो तानिगुची ने दिया था. अगर इसको बिल्कुल ही साधारण शब्दों में समझने की कोशिश करें, तो हम कह सकते हैं कि छोटी से छोटी सूक्ष्म मशीने बनाना ही नैनो टेक्नोलॉजी है. अगर स्वास्थ्य के क्षेत्र की बात करें, तो ये मशीने इतनी सूक्ष्म होती हैं, जो इंसान के जिस्म में उतर कर, उसकी धमनियों में चल-फिर कर वहीं रोग का ऑपरेशन कर सकें...

**नैनो टेक्नोलॉजी का इतिहास –**

अगर आधुनिक नैनो टेक्नोलॉजी की शुरूआत की बात करें, तो इसमें 1981 में हुए स्कैनिंग टनलिंग माइक्रोस्कोप के आविष्कार ने मिल के पत्थर का काम किया. इसके बाद 1986 में ड्रेक्सलर ने Foresinght Institute की स्थापना की. जिसका उद्देश्य नैनो टेक्नोलॉजी के बारे में जागरूकता फैलाना तथा इसकी समझ बढ़ाना था. हैरी क्रुटो , रिचर्ड स्मली और रॉबर्ट कर्ल द्वारा Fullerenes : C60 की खोज की गई . रसायन के क्षेत्र में इस खोज के लिए इनको 1996 में नोबल पुरूस्कार से सम्मानित किया गया. शुरूआत में Fullerenes : C60 को नैनो टेक्नोलॉजी की जगह कार्बन नैनो ट्यूब कहा जाता था. कार्बन नैनो ट्यूब की खोज का श्रेय सुमियो इजीमा को दिया गया. इस खोज के कारण नैनो सांइस के क्षेत्र में इनको 2008 में कावली पुरूस्कार से सम्मानित किया गया.

# चाय के ऊपर पड़ने वाली मलाई फायदेमंद या नुकसानदायक?




महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आम लोगों के मन में एक सवाल अक्सर खड़ा हो जाता है कि चाय के ऊपर पड़ने वाली मलाई फायदेमंद होती है या नुकसानदायक ? अगर आपके मन में भी ऐसा ही सवाल है, तो न्यूज वायरस की इस खबर को जरूर पढ़ लीजिये

**चाय पर मलाई क्यों आती है-**

चाय एक ऐसा पेय पदार्थ है, जो ज्यादात्तर घरों में पिया जाता है. अगर ग्राणीण क्षेत्रों की बात करें, तो वहां दिन की शुरूआत ही चाय से होती है. जब चाय बनकर तैयार हो जाती हैं और हम उसको तुरंत पी लेते हैं, तो ऐसे में हमें उसपर मलाई देखने को नहीं मिलती है. लेकिन अगर हम गर्म चाय को ठंडा होने के लिए रख देते हैं या फिर चाय पीते वक्त किसी काम में व्यस्त हो जाते हैं, तो उसके ऊपर मलाई आ जाती है. दरअसल, ये मलाई चाय की वजह से नहीं आती है.

**चाय पर मलाई फायदेमंद या नुकसानदायक –**

आमतौर पर सलाह दी जाती है कि दूध की चाय की जगह अगर हम अदरक की चाय या दूसरी तरह से चाय पीते हैं. जिसमें दूध का इस्तमाल नहीं किया जाता है, वह चाय हमारे लिए फायदेमंद होती है. लेकिन दूध वाली चाय खाली पेट पीने से गैस जैसी समस्या पैदा हो सकती है. जब भी चाय पर मलाई आती है, तो चाय को पीने से पहले मलाई को हटा दिया जाता है. ऐसा माना जाता है कि चाय पर आई हुई मलाई हमारे लिए नुकसानदायक होती है.

# टीवी, स्मार्टफोन और अन्य उत्पादों पर पाएं 80% तक की छूट, पढ़ें पूरी खबर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

खुशियो का दिन आ गया है जो लोग नया स्मार्टफोन और दूसरे प्रोडक्ट्स खरीदने की सोच रहे थे, उनके लिए धमाकेदार खबर। फ्लिपकार्ट लाया है बिग सेविंग डेज सेल, इस सेल में आपको 80% तक की छूट मिलेगी। चाहे वह नया टीवी हो, या नया स्मार्टफोन, आप अन्य उत्पादों पर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सेल 23 जुलाई से शुरू हो गई है, जिसमें आपको 80% तक का डिस्काउंट मिलेगा। इसके साथ ही फ्लिपकार्ट सेल में स्पेशल डील्स भी मिलेंगी। सेल 27 अगस्त तक चलेगी।

आपको बता दे की इस सेल में कंज्यूमर्स को एक रुपये में कई आइटम प्री बुक करने का भी ऑफर मिल रहा था. फ्लिपकार्ट सेल में उपभोक्ताओं को Oppo, Apple, Vivo और अन्य ब्रांड के स्मार्टफोन पर ऑफर्स मिलेंगे। आइए जानते हैं सेल में मिलने वाली डील्स की डिटेल्स। आप हेडफोन और स्पीकर्स को सेल से 70 परसेंट की छूट पर खरीद सकते हैं. वहीं माउस, कीबोर्ड और दूसरी एक्सेसरीज को 99 रुपये की शुरुआती कीमत पर खरीद पाएंगे. नया टैबलेट खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो सेल में 45 परसेंट तक की बचत कर सकते हैं. स्मार्टवॉच पर 65 परसेंट तक की छूट मिल रही है. टीवी और एयर कंडीशनर पर मिलेगी छूट नया टीवी खरीदने वालों के लिए यह एक अच्छा मौका है. Flipkart Sale में 70 परसेंट तक डिस्काउंट पर टीवी और दूसरे अप्लायंस मिलेंगे. अल्ट्रा HD 4K रिज्योलूशन वाली स्मार्ट टीवी सेल में 20,749 रुपये की शुरुआती कीमत पर मिलेंगे. सेल में फैशन आइटम्स पर 50 से 80 परसेंट तक








छूट मिल रही है. यहां से आप 299 रुपये की शुरुआती कीमत पर किचन अप्लायंस, 55 परसेंट तक डिस्काउंट पर एयर कंडीशनर खरीद सकते हैं. आप फर्नीचर पर 80% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। फ्लिपकार्ट के ओरिजिनल आइटम भी सस्ते में मिल जाते हैं। इन पर 80 फीसदी तक का डिस्काउंट मिल रहा है. रोज होंगे क्रेजी डील्स अगर आप स्पेशल डील्स चाहते हैं तो हर दिन क्रेजी डील 12 बजे, सुबह 8 बजे और शाम 4 बजे मिलेगी। सेल में एक्सिस बैंक, सिटी बैंक, कोटक बैंक, आरबीएल बैंक कार्ड पर 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट मिलेगा।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पूरे देश में टोल दरें एक समान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सदन में बताया कि है कि देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए टोल दरें समान होती हैं. गौरतलब है कि तमिलनाडु






से राज्यसभा सांसद कनिमोझी एनवीएन सोमू ने टोल दरों को लेकर सदन में सवाल उठाया था.

तमिलनाडु से राज्यसभा सांसद कनिमोझी एनवीएन सोमू ने सदन में तमिलनाडु के नेशनल हाईवे पर प्रति किलोमीटर के सफर में वसूले जाने वाले टोल रेट को लेकर सवाल किया था और इसका पूरा ब्यौरा मांगा था. उन्होंने पूछा था कि क्या तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रति किलोमीटर की यात्रा टोल दर अन्य राज्यों से अधिक हैं ? और क्या उनके राज्य में यात्रियों ने अन्य राज्यों की तुलना में अधिक टोल टैक्स का भुगतान किया है. इसके साथ ही तमिलनाडु में 10 साल से अधिक पुराने टोल गेटों में टोल दरों में बढ़ोतरी और टोल कलेक्शन को वापस लेने के अनुरोध वाला मुद्दा भी सदन के पटल पर उठाया गया. इस पर केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जवाब दिया कि तमिलनाडु सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पूरे देश में टोल दरें एक समान हैं. गडकरी ने कहा कि राज्य सरकारें नियमित तौर पर टोल प्लाजा से संबंधित मुद्दों पर प्रतिनिधित्व करती हैं. सदन के पटल पर रखे गए उत्तर में नितिन गडकरी ने कहा, ′हालांकि, एकत्र किए गए टोल राजस्व को वापस सड़कों के विकास में लगाया जाता है. राज्य सरकारें अपना समर्थन देते हैं.

# DGP अशोक कुमार ने पैदल ही ऋषिकेश में कांवड़ यात्रा की तमाम सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने कांवड़ियों से खुद व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया. कांवड़ियों से वार्तालाब करते हुए उन्होंने पुलिस के व्यवहार के बारे में भी पूछताछ की.निरीक्षण के बाद डीजीपी ने सभी व्यवस्थाओं को सही बताते हुए अपनी पूरी टीम द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है और बतया की कांवड़ यात्रा में काफी सहयोग मिल रहा है.

शुक्रवार शाम उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ऋषिकेश होते हुए फिर लक्ष्मण झूला क्षेत्र में कंवर क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे. पैदल ही उन्होंने तमाम सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. जगह-जगह पुलिस की चेकिंग ड्यूटी पर भी वह नज़र करते हुए दिखाई



दिए. बीच-बीच में पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक लेना भी डीजीपी नहीं भूले.

निरीक्षण करने के बाद डीजीपी अशोक कुमार जानकीपुल से पैदल होते हुए मुनिकी रेती थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा रिजॉर्ट पहुंचे. उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक की. जिसमें उन्होंने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए.

डीजीपी अशोक कुमार ने कांवड़ियों के लिए किए प्लान में बदलाव डीजीपी अशोक कुमार के मुताबिक 23- 24 और 25 जुलाई को सबसे अधिक कांवड़ियों के आने की संभावना है. इसलिए अभी तक के प्लान में किए बदलाव जो पैदल प्लान चल रहा था उसके अलावा भी शनिवार से सभी कांवड़िए राम झूला होते हुए नीलकंठ की ओर रवाना होंगे. जबकि उनकी वापसी जानकीपुल से कराई जाएगी. उन्होंने बताया कांवड़ यात्रा को लेकर की गई सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं. जनपद देहरादून, टिहरी और पौड़ी के पुलिस कप्तान सुरक्षा व्यवस्थाओं पर अपनी निगरानी बनाए हुए हैं.




उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आओ, मिलकर फहराएं
हर घर तिरंगा
(13 से 15 अगस्त, 2022 तक)



1916–1944

25 जुलाई

स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रदूत
अमर शहीद
श्रीदेव सुमन
को उनकी पुण्यतिथि पर
उत्तराखण्डवासियों की ओर से
शत–शत नमन

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR
सी॰एम हेल्पलाइन नम्बर: 1905

# वन मंत्री सुबोध उनियाल से मिला आप का डेलिगेशन , रखी डिमांड

**फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने वन मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर उत्तराखंड के हक- हकूक जल, जंगल ,जमीन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ये जानकारी देते हुए पार्टी के गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने बताया की जिन मुद्दों को लेकर के उत्तराखंड बना था आज वह मुद्दे कहीं सत्ता के गलियारों में खो गए हैं एवं उत्तराखंड के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने जिन हक- हकूक जल, जंगल ,जमीन की लड़ाई को लेकर उत्तराखंड का निर्माण कराया था आज वे हक- हकूक उनसे छीना जा रहे हैं। उन्होंने हेंगल का उदाहरण देते हुए कहा कि इस घटना  से पूरे प्रदेश में एक अजीब सा माहौल है जिसको लेकर पार्टी बहुत संजीदा है और पार्टी ने वन मंत्री से मांग की है कि :-  उत्तराखंड के दुर्गम एवं अति दुर्गम क्षेत्रों में ग्रामवासी पीढ़ियों से बसे हुए हैं एवं जंगल से खाने को साग सब्जी मवेशियों के लिए चारा पत्ती एवं घर बनाने हेतु पत्थर, बालू आदि का उपयोग कर जीवन व्यतीत करते रहे हैं साथ ही वे पहाड़ के प्रहरी बनकर हमारे पहाड़ों की रक्षा करते आए हैं एवं पहाड़ की संस्कृति एवं देवभूमि के रीति-रिवाजों को बचाकर धरोहर के रूप में हमें सौंपते आए हैं परंतु उत्तराखंड बन जाने के बाद आज भी उत्तराखंड के ग्रामवासी अपने हक- हकूक जल, जंगल ,जमीन की लड़ाई को लड़ रहे हैं ।

पहाड़ों पर व्यवसाय एवं नौकरी लगभग नगण्य है इसीलिए पहाड़ वासियों को जीवन यापन हेतु जंगल से लकड़ी ,पत्थर, चारा पत्ती इत्यादि आवश्यक सामग्री मुहैया कराना हम लोगों का दायित्व एवं कर्तव्य है अतः हम आपसे मांग करते हैं कि

1-पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों को अपने जीवन यापन हेतु लकड़ी, चारा पत्ती एवं पत्थर बालू आदि वन विभाग से निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए ।


2-पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों को उनके मवेशियों को चराने हेतु वन क्षेत्र में जाने की अनुमति प्रदान की जाए ।

3- पहाड़ी क्षेत्र के निवासियों को घर बनाने हेतु वन से लकड़ी निःशुल्क मुहैया कराई जाए

4- उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों को एक गैस सिलेंडर प्रति माह एवं 300 यूनिट बिजली निशुल्क मुहैया कराई जाए

# चर्चित भाभी जी के मलखान की हुई मौत

## एक्टर दीपेश भान का निधन, 'भाभी जी घर पर हैं' में मलखान का रोल कर हुए थे पॉपुलर



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

टीवी की दुनिया का सबसे पॉपुलर सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' से एक बुरी खबर सामने आ रही है। अपने अभिनय से सबको हंसाने वाले एक्टर दीपेश भान अब इस दुनिया में नहीं रहे। 23 जुलाई को सुबह उनकी अचानक मौत हो जाने से हर कोई शॉक्ड है। इस सीरियल में वह मलखान का किरदार निभाते थे। और उनकी कॉमेडी लोगों को खूब पसंद आती थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबित, दीपेश भान की मौत का कारण अभी तो क्लियर नहीं हो सका है लेकिन जब वह सुबह क्रिकेट खेल रहे थे, तभी वह अचानक से गिर गए। फौरन उनको अस्पताल ले जाया गया जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। 11 मई 1981 को जन्मे दीपेश महज 41 की उम्र में इस दुनिया को छोड़ कर चले गए। उनकी को-एक्टर चारू मलिक ने इस खबर को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।




**महामहिम से मिले महाराज**

# मुर्मू की जीत सम्पूर्ण सनातन संस्कृति की जीत : सतपाल


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड के लोक निर्माण, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति चुने जाने पर नवनिर्वाचित प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मू से भेंट कर उन्हें ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।आध्यात्मिक गुरु और वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री  सतपाल महाराज ने शनिवार को देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति चुने जाने पर  द्रौपदी मुर्मू से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर भेंट कर अपनी व उत्तराखंड की जनता की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा है कि द्रौपदी मुर्मू के रूप में देश को 15वां राष्ट्रपति मिल चुका है। हमने दुनिया को बता दिया है कि हम महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं, बल्कि उनसे भी बेहतर मानते हैं। द्रौपदी जी की जीत केवल एक व्यक्ति विशेष ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण सनातन संस्कृति की जीत है।

# इस मामले में डीजीपी अशोक कुमार ने थपथपाई एसटीएफ उत्तराखंड की पीठ









**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून में हुए बड़े खुलासे के बाद अब एसटीएफ उत्तराखंड को शाबाशी मिली है। आपको बता दें कि एसटीएफ की फर्जी कॉल सेंटर मामले में की गई बड़ी कार्यवाही पर अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड ने एसटीएफ उत्तराखंड की पीठ थपथपाई है। पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड ने एसटीएफ टीम की सराहना करते हुए 25 हजार नगद पुरस्कार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि एसटीएफ द्वारा फर्जी कॉल सेंटर पर की गई करवाई में विशिष्ट कार्य करने वाले अधिकारी /कर्मचारियों को मेडल देने पर भी विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने विशेष रूप से ऐसे युवाओं से अपील की जो पहले कॉल सेंटर में जॉब करते हैं,लेकिन बाद में उन्हे अगर कॉल सेंटर में कुछ भी गड़बड़ी/फर्जीवाड़ा होने की आशंका हो तो इसकी सूचना तत्काल सीधे पुलिस मुख्यालय के मोबाइल नंबर 9411112780 पर सूचना दें। ताकि भविष्य में ऐसे गलत धंधे पर नकेल कसी जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि शिकायत करने वाले युवाओं का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# पूर्व डीएम डॉ आर. राजेश कुमार के बिल्डरों रुप सख्त शिकंजे का असर, डीएम सोनिका ने की बड़ी कार्यवाही


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आपको याद होगा बीते कुछ दिनों पहले देहरादून के तत्कालीन जिलाधिकारी रहे डॉ राजेश कुमार ने अवैध खनन अवैध प्लाटिंग को लेकर सख्त कार्यवाही की थी और देहरादून के दो बिल्डरों पर मोटा जुर्माना ठोक था । उस घटना के बाद अब एक बार फिर नवनियुक्त जिलाधिकारी सोनिका ने डॉ आर. राजेश कुमार की उस वक्त छेड़े गए अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब बड़ी कार्यवाही की है। देहरादून के राजपुर रोड में अवैध प्लाटिंग एवं भूमि कटान की शिकायत का संज्ञान लेते हुए एक बार फिर उसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए नवनियुक्त जिलाधिकारी सोनिका ने मौके पर जाकर स्थली निरीक्षण कर, तत्काल कार्रवाई करते हुए 4 अधिकारी/ कर्मचारियों को निलंबन किया।


**जिलाधिकारी सोनिका का सख्त फैसला**

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी देहरादून सोनिका ने संबंधित स्थल का निरीक्षण करते हुए मौके पर संबंधित अधिकारियों को तलब किया । उन्होंने तत्काल निर्माण कार्यों को ध्वस्तिकरण कराते हुए, प्रथम दृष्टया में लापरवाह अधिकारियों को निलंबन करने के निर्देश दिए। जिनमें जिला खनन अधिकारी वीरेंद्र सिंह, भू गर्भ वैज्ञानिक अनिल कुमार तथा प्राधिकरण के दो सुपरवाइजरो प्यारे लाल एवं महावीर सिंह को निलंबित कर दिया गया। जबकि खनिज मोहिरर भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, कुंदन सलाल के द्वारा अनुज्ञाधारक के विरुद्ध थाना डालनवाला में एफआईआर दर्ज करवा दिया गया

देहरादून के लोगों को याद होगा कि कैसे बीते कुछ महीनों में डॉ आर. राजेश कुमार की सख्ती और अवैध खनन और गैरकानूनी प्लॉटिंग पर जोरदार कानून का डंडा चला था। एक बार फिर उम्मीद की जा रही है कि धामी सरकार की उसी मंशा को नवनियुक्त जिलाधिकारी सोनिका आगे बढ़ाएंगी जिस लक्ष्य और भ्रष्टाचार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही का आगाज डॉक्टर राजेश कुमार ने अपने जिलाधिकारी रहते किया था। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध प्लाटिंग एवं अवैध खनन को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा । उम्मीद की जानी चाहिए कि पूर्व डीएम डॉ आर. राजेश कुमार के दौर में शुरू हुआ अवैध खनन और प्लाटिंग के खिलाफ ये महाअभियान इसी तरह जारी रहेगा और उत्तराखंड सरकार की जीरो टॉलरेंस और पारदर्शी कार्यवाही से अवैध कारोबार और जुगाड़ के सहारे अपनी फाइल दौड़वाने वाले लोगों पर कानून का डंडा यूं ही बरसता रहेगा।



कार्यालय जिलाधिकारी देहरादून।





# नशा तस्करों पर चमोली एसपी श्वेता चौबे का वार, अवैध स्मैक के साथ एक गिरफ्तार




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे महोदया के निर्देशन में जनपद चमोली को नशा मुक्त रखने तथा बढते नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिये चमोली पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है,नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं।


नशा तस्करों पर कार्यवाही करने के लिये सूचना तन्त्र को मजबूत कर युवाओं को नशे के भंवर में फसाने वालो को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा हैं। र्नशामुक्त चमोलीर् अभियान को सफल बनाते हुए इसी क्रम में कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस व एसओजी चमोली की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग के दौरान कालनाथ कच्या देवता मन्दिर गांधीनगर (कर्णप्रयाग) के पास से एक अभियुक्त राजेन्द्र कुमार उर्फ गुरुदेव पुत्र स्व0 रुपलाल निवासी गॉधीनगर कर्णप्रयाग(चमोली) उम्र-38 वर्ष को 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि यह स्मैक मेरे दोस्त का है उसने यह कहीं से मंगवाया था। किसी लड़के ने यह स्मैक मेरी दुकान में दिया व मेरे दोस्त को देने को कहा। मैने शौक-शौक में स्मैक पीनी सीखी और अब स्मैक का आदी हो गया हूँ, मैं अपने दोस्तों और हम उम्र के लड़को को स्मैक पिलाना सिखाता हूँ ताकि उन्हें भी लत लग जाए और मैं उन्हें मँहगे दाम में स्मैक बेचूँ जिससे मेरा भी स्मैक का व अन्य खर्चा चल सके।चमोली पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि आप सभी कृपया अपने आस-पास इस तरह नशे में लिप्त रहने वाले एवं नशे का कारोबार कर नवयुवकों को नशे की लत लगाने वाले लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# काम की खबर : आप अभी समझ लीजिये बैंक ग्राहकों के अधिकार

## बैंक कर्मचारी नहीं जा सकते एक साथ लंच पर

**फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





RBI ने एक RTI के जवाब में बताया कि बैंक के अधिकारी एक साथ लंच पर नहीं जा सकते हैं। वे एक-एक करके लंच ब्रेक ले सकते हैं। इस दौरान नॉर्मल ट्रांजेक्शन चलते रहना चाहिए। ग्राहकों को घंटों इंतजार करवाना नियम के खिलाफ है। अगर बैंक कर्मचारी आपको लंच के नाम पर घंटों इंतजार करवाएं, आपसे अच्छे से बात नहीं करें या काम में लेटलतीफी करें तो आप उनकी शिकायत कर सकते हैं।

ग्राहकों की शिकायत दूर करने के लिए कुछ बैंक, शिकायत लिखने के लिए रजिस्टर रखते हैं। इसमें आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं।अगर रजिस्टर से बात न बने, तो आप उस कर्मचारी की शिकायत बैंक मैनेजर (Bank Manager) या नोडल ऑफिसर से भी कर सकते हैं।इसके अलावा ग्राहकों की कंप्लेन से निपटने के लिए अमूमन हर बैंक में ग्रीवांस रिड्रेसल फोरम भी होते हैं। ये भी ग्राहक की प्रॉब्लम सॉल्व करते हैं।ग्रीवेंस रिड्रेसल फोरम में ग्राहक किसी बैंक कर्मचारी की कैसे शिकायत कर सकते हैंग्रीवेंस रिड्रेसल फोरम का मकसद है किसी भी ग्राहक की शिकायत को निपटाना। इसलिए आप बैंक का ग्रीवेंस रिड्रेसल नंबर लेकर शिकायत कर सकते हैं। चाहें तो ईमेल भी कर सकते हैं।

**अब सवाल उठता है कि नंबर कहां से मिलेगा ?**

आप ग्रीवेंस रिड्रेसल का नंबर रिलेटेड बैंक की वेबसाइट से जाकर निकाल सकते हैं। अगर चाहें तो बैंक के कस्टमर केयर को कॉल करके भी नंबर ले सकते हैं।अगर बैंक ने ग्राहक की शिकायत पर एक्शन नहीं लिया तो ग्राहक क्या करें?बैंकिंग लोकपाल में शिकायत करें - RBI ने ग्राहकों की शिकायत दूर करने के लिए बैंकिंग लोकपाल योजना की शुरुआत 2006 में की थी। ग्राहक बैंकिंग लोकपाल में शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए नीचे लगा ग्राफिक्स देखिए...बैंकिंग लोकपाल में शिकायत तभी कर सकते हैं जब...जिस बैंक से रिलेटेड समस्या है, उस बैंक ने ग्राहक की शिकायत रिसीव की हो और उनकी तरफ से एक महीने के अंदर ग्राहक को कोई जवाब न दिया गया हो।बैंक ने ग्राहक की शिकायत ही खारिज कर दी हो।बैंक ने ग्राहक को जो जवाब दिया हो, उससे ग्राहक संतुष्ट न हो।

# प्रदेश के किसानों की आमदनी में अब घुलेगी शहद की मिठास : गणेश जोशी

## कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री मधुग्राम योजना का पर की संगोष्ठी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान विभाग द्वारा आयोजित नव चयनित मधुग्राम चामासारी न्याय पंचायत सरोना में मौन विकास पर संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत चामासारी न्याय पंचायत में मुख्यमंत्री मधुग्राम योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान काबिना मंत्री गणेश जोशी ने मधुग्राम योजन के तहत मौनपालकों किसानों को 50 मौनबॉक्स भी वितरित किए। मंत्री गणेश जोशी ने चामासारी में कार्यक्रम में किसानों को मौनपालन,कृषि से संबधित अनेक जानकारियां प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखण्ड में शहद उत्पादन की अपार संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने मौनपालन को स्वरोजगार से जोड़ते हुए एक शुरूवात की है। निश्चित ही केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से संचालित होने वाली यह योजना बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि केंद्र और राज्य की धामी सरकार लगातार किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हमारा संकल्प है कि किसानों की आय दुगनी करें जिस दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है।

मंत्री जोशी ने कहा कि सरकार के 100 दिन पूरे होने पर राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मधु ग्राम योजना शुरू की थी ,मंत्री जोशी ने कहा कि मैं शोभाग्यशाली हूं,जिसकी शुरूवात चामासारी गांव से हुई है। मंत्री जोशी ने कहा कि योजना के तहत चामासारी गांव में 500 मौनबॉक्स बाटने का लक्ष्य रखा गया है, आज 50 बॉक्स किसानों को वितरित किए गए है जो यहां के किसानों की आय दुगनी करने में सार्थक सीधा होगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री मधुग्राम योजना को पूरे प्रदेशभर में लागू किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने आधिकारियों को मौन पालन के अलावा चमासारी के आसपास के गांवों में सेब, किवी, अखरोट के प्लांटेशन की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंत्री जोशी ने कहा कि शीघ्र ही इस पूरे क्षेत्र को फलपट्टी के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, ग्राम प्रधान नरेंद्र मेलवान, अनुज कौशल, सीएचओ मीनाक्षी जोशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेंट्रल रेलवे ने निकाली भर्ती, पढ़ें पूरी खबर




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सेंट्रल रेलवे भर्ती 2022: सेंट्रल रेलवे वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से चिकित्सा विभाग में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों को चिकित्सा निदेशक कार्यालय, डॉ. बी.ए.एम. को रिपोर्ट करना होगा। साक्षात्कार के लिए अस्पताल विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ।

सेंट्रल रेलवे भर्ती 2022 के लिए रिक्तियां:

| विभाग | कुल |
|---|---|
| 1 सामान्य दवा | 2 |
| 2 नेत्र विज्ञान | 1 |
| 3 ईएनटी | 1 |
| 4 प्रसूति एवं स्त्री रोग | 1 |

वॉक-इन-इंटरव्यू 22 जुलाई 2022 को सुबह 11:30 बजे है, इसके बाद साप्ताहिक आधार पर प्रत्येक बुधवार को रिक्तियों को भरने तक है। रिक्ति सूचना की अंतिम तिथि के अनुसार उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। सीनियर रेजिडेंट का कार्यकाल 1 वर्ष (अधिकतम कार्यकाल 3 वर्ष) के लिए होता है। केवल 5 रिक्तियां उपलब्ध हैं।

सेंट्रल रेलवे भर्ती 2022 के लिए वेतनमानः आधार वेतन रु. 26,950/- + रु. 6,600/- (ग्रेड पे), पे बैंड-3 (15600-39100) + एनपीए और रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार अन्य प्रासंगिक भत्ता। सेंट्रल रेलवे भर्ती 2022 के लिए शैक्षिक योग्यताः राज्य / केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विशेषता में स्नातकोत्तर डिग्री / डीएम / डीएनबी या डिप्लोमा।


सेंट्रल रेलवे भर्ती 2022 के लिए आवेदन कैसे करें: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने आवेदन मूल और स्व-सत्यापित दस्तावेजों के साथ 22.07.2022 को सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे के बीच कमरा नं। डॉ बीएएम अस्पताल के 24। उम्मीदवारों को भरा हुआ आवेदन पत्र लाना होगा जिसे वेबसाइट www.cr.indianrailway.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। दस्तावेजों का सत्यापन सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और साक्षात्कार दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा। वॉक-इन-इंटरव्यू 22.07.2022 को सुबह 11:30 बजे है।

# संपादकीय

## महामहिम राष्ट्रपति 'आदिशक्ति'

यह एक चुनाव, घटनाक्रम, तारीख ही नहीं है, बल्कि एक शिलालेख लिखा गया है। जब तक मानवता और लोकतंत्र अस्तित्व में रहेंगे, तब तक इस शिलालेख का भी जिक्र किया जाता रहेगा। कई मिथक टूटे हैं और आगे भी टूटते रहेंगे। अभी तो कई किंवदन्तियां सामने आएंगी। जंगल की बेटी, गरीबी और किल्लतों में पली-बढ़ी, पारिवारिक त्रासदियां झेलते हुए, अंधेरों को चीर कर राष्ट्रीय पटल पर उभरी हैं, तो यह भारत के लोकतंत्र और गणतंत्र के शानदार सफर का एक पड़ाव है। आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं महामहिम राष्ट्रपति चुनी गई हैं। देश के करीब 1.30 लाख गांवों के करीब 11 करोड़ आदिवासियों में आज उत्सव का दिन है। जश्न के लम्हे हैं। उनके पांव यूं थिरक रहे हैं मानो सावन कोई गीत गुनगुना रहा हो! देश के आदिवासी तो जंगलों के सहारे, पहाड़ों के बीच, कबीलों की शक्ल में भी, दूरदराज के इलाकों में रहने के आदी रहे हैं। उन्हें आज यथार्थ का अनुभव हुआ है कि उनके बीच की बेटी भी भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंच सकती है, राष्ट्रपति चुनी जा सकती है और यह भारत के संविधान की ही शक्ति है। महामहिम राष्ट्रपति के चुनाव में 64 फीसदी से अधिक वोट हासिल कर द्रौपदी मुर्मू ने न सिर्फ प्रतिद्वन्द्वी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को पराजित किया है, बल्कि विपक्ष के 126 विधायकों और 17 सांसदों को क्रॉस वोटिंग के लिए प्रेरित भी किया है। देश में जब स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर 'अमृत महोत्सव' का माहौल है, तब एक 'आदिशक्ति' राष्ट्रपति चुनी गई हैं। एक पार्षद से राजनीतिक करियर शुरू करने वाली द्रौपदी मुर्मू विधायक और ओडिशा सरकार में मंत्री भी रहीं। उन्हें झारखंड के राज्यपाल पद पर भी काम करने का मौका मिला। वह तब राष्ट्रीय सुर्खियों में सामने आईं, जब भाजपा की ही रघुवर दास सरकार द्वारा पारित दो बिलों पर उन्होंने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया और बिलों को लौटा दिया। उन बिलों से आदिवासियों में अलगाव की भावना पैदा होने का भय था। कमोबेश विपक्ष के उन चेहरों के लिए यह उदाहरण ही पर्याप्त है कि मुर्मू 'मूर्ति' नहीं, कडक़ संवैधानिक शख्सियत भी हैं। वह अपनी नई भूमिका में संविधान की संरक्षक साबित होंगी, यह देश का विश्वास है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आदिवासी समाज को देखने और आंकने का नज़रिया भी बदलेगा। देश जंगलात की दुनिया में झांक कर देखेगा और उसकी तकलीफों को समझने और साझा करने की कोशिश करेगा। आदिवासियों को माओवादी या नक्सलवादी करार देने की रवायत भी कम होगी। बहरहाल जब 25 जुलाई को द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद की औपचारिक शपथ के बाद 'राष्ट्रपति भवन' का कार्यभार संभाल लेंगी, तो उसके बाद समीक्षा की जाए कि लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित हैं या उन पर आंच आई है। बहरहाल द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से बहुस्तरीय संदेश प्रवाहित होंगे। पत्थर तोड़ती और जंगल से लकडियां ढोकर लाती आदिवासी महिला के साथ-साथ देश के शहरों तक सक्रिय युवतियों में भी उम्मीद और संकल्प की नई लहर प्रवाहित होनी चाहिए। सामाजिक, सांस्कृतिक के अलावा राजनीतिक और चुनावी समीकरण भी बदलेंगे, क्योंकि 47 लोकसभा और 487 विधानसभा सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं।

# बहन ने भाई से मांगा कर्ज, पैसे देने से पहले भाई ने स्टांप पेपर पर दस्तखत करवा दिए





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ये भी हसीन लम्हा है। भाई-बहन का रिश्ता ही कुछ अलग सा होता है। कभी प्यार तो कभी नोक-झोंक ऐसे ही एक भाई-बहन के बीच हुए इस समझौते की पोस्ट वायरल हो रही है, यह पोस्ट आपको भी हंसा देगी. बता दे की जब आपको पैसे की जरूरत पड़ जाती है तो आप सबसे पहले अपने करीबी दोस्त या भाई-बहन से मांगने के लिए जाते हैं, लेकिन वह आपकी आदतों से वाकिफ होते हैं. उन्हें मालूम होता है कि उधार में दिए हुए पैसे वापस मिलेंगे या फिर नहीं. हालांकि, कुछ लोग पैसे लेते हुए यह जरूर कहते हैं कि अभी दे दो कुछ दिन बाद वापस कर दूंगा, लेकिन ऐसा नहीं होता. उधार में पैसे लेने के बाद लोग गायब भी हो जाते हैं. यही वजह है कि अक्सर आप दुकानों पर यह लिखा हुआ जरूर देखते है। आज नकद कल उधार। उधार में दी गई चीजें वापस नहीं मिलने पर ही लोग भरोसा खो बैठते हैं और अगली बार के लिए सतर्क हो जाते हैं. कुछ ऐसा ही इस वायरल होने वाले पोस्ट में भी देखने को मिला, जब एक बहन ने अपने भाई से उधार में सिर्फ 2000 रुपये कैश मांगे.

जैसा कि आप तस्वीर में देख सकते हैं कि सबसे पहले नीले रंग से स्टैम्प पेपर लिखा है. इसके बाद लिखा, 'मिस अइमान ने 18 जुलाई 2022 को मिस्टर कासिम से 2000 रुपये रात साढ़े आठ बजे प्राप्त किये. अब वह 15 अगस्त 2022 को 2000 रुपये मिस्टर कासिम को लौटा देगी.' इसके बाद नीचे सिग्नेचर ऑफ रिसीवर और सिग्नेचर ऑफ डोनर दोनों के ही हस्ताक्षर और फिर अंगूठा लगवाया गया है. जी न्यूज इसकी पुष्टि नहीं करता कि यह वास्तव में लिखा गया है या फिर वायरल करने के लिए लिखा गया है. फिलहाल, लोग इसे सोशल मीडिया पर काफी वायरल कर रहे हैं.

सोशल मीडिया (Social Media) पर वायरल वायरल होने वाले तस्वीर में देखा जा सकता है कि एक बहन ने अपने भाई से उधार में 2000 रुपये मांगे, लेकिन उसका भाई बेहद ही शातिर निकला. उसने अपनी बहन को पैसे देने से पहले स्टैम्प पेपर पर सबूत के तौर पर लिखवा लिया कि उसने 2000 रुपये का लोन दिया और सीमित तारीख तक वह उसे लौटा देगी. इसके लिए उसने न सिर्फ उने साइन करवाए बल्कि अंगूठा भी लगवाया. इस तस्वीर को देखने के बाद आपके भी होश उड़ जाएंगे। में उस भाई को एक चीज बताना चाहता हूँ की उसने इस स्टाम्प पेपर पर पैसे टाइम पे न लौटाने का जुर्माना नहीं लिखा और न कोई इंटरेस्ट जोड़ा। मुझे उम्मीद है कि अगली बार वह इस बात का ध्यान रखेंगे

# Miss Earth रह चुकी मॉडल ने रेस्टोरेंट से चुराई 20 करोड़ की शराब






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

इस खबर के वायरल होने के बाद लोगों का कहना है कि "इतनी खूबसूरत लड़की को लड़कों का दिल चुराना चाहिए, लेकिन नहीं उन्हें तो शराब चोरी करनी है

रेस्टोरेंट से शराब चोरी करने वाली मॉडल गिरफ्तार, मामले में 29 वर्षीय मॉडल को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया गया है।चोरी हुई शराब की कीमत करीब 20 करोड़ रुपए है। पुलिस ने बताया कि चोरी के लिए पहले रेकी की गई थी। मॉडल का नाम प्रिसिला लारा ग्वेरा है। वह मेक्सिको की रहने वाली है। उसे हाल ही में रोमानियाई-डच पार्टनर के साथ शराब चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में क्रोएशिया के एक लग्जरी रेस्टोरेंट से 2.44 मिलियन डॉलर (19 करोड़ रुपये से अधिक) मूल्य की उच्च गुणवत्ता वाली वाइन की चोरी की थी. प्रिसिला और उसके साथी को 45 बोतल बेशकीमती शराब और 19वीं सदी की दुर्लभ शराब की बोतल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि रेस्टोरेंट में किचन सर्विस बंद होने के बाद उसने वेटर को आदेश देकर विचलित किया और फिर चुपके से मास्टर चाबी से दरवाजा खोलकर शराब के गोदाम में घुस गए।

वहां उन्होंने महंगी बोतलों को अपने बैग में भरा और रेस्टोरेंट छोड़कर रफूचक्कर हो गए. सीसीटीवी में उन्हें होटल छोड़ते वक्त बैग ले जाते हुए देखा गया. चोरी की घटना के बाद हड़कंप मच गया. प्रिसिला और उनके साथी की तलाश के लिए स्पेनिश, डच, क्रोएशियाई और रोमानियाई पुलिस के साथ-साथ इंटरपोल की मदद ली गई थी. आखिर में बॉर्डर पार करते वक्त उन्हें क्रोएशिया की पुलिस ने पकड़ लिया. फिलहाल, प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अभी लंबित है. बता दे की यह जोड़ा क्रोएशिया में ही रह रहा था. उन्हें अब स्पेन प्रत्यर्पित किया जाना है.

# बढ़ती उम्र से पहले चेहरे पर आ रही हैं झुर्रियां, तो डाइट में लाएं ये बदलाव






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आप जो खाते हैं वह आपके शरीर में परिलक्षित होता है। आपकी उम्र कितनी तेज या धीमी है, यह आपकी डाइट तय करता है। हालांकि, धूम्रपान और शराब से झुर्रियां और उम्र बढ़ने के अन्य लक्षण हो सकते हैं। दूसरी ओर, उम्र बढ़ने को धीमा करने वाले एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार का सेवन दीर्घायु को बढ़ावा दे सकता है। इसी तरह, जंक फूड खाने से सूजन हो सकती है जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज कर सकती है जिससे झुर्रीदार और क्षतिग्रस्त त्वचा हो सकती है। साबुत अनाज और ब्राउन राइस, अंडे, सब्जियां, नट्स, फल और कुछ मसाले खाने से मन, शरीर और शरीर को मदद मिल सकती है। और इंद्रियों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

पोषण विशेषज्ञ लवनीत बत्रा ने अपने नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है कि कैसे एंटीऑक्सिडेंट, स्वस्थ वसा, आवश्यक विटामिन और खनिजों से भरे खाद्य पदार्थ हमारी त्वचा को फिर से जीवंत कर सकते हैं जो अक्सर हमारे समग्र स्वास्थ्य का संकेतक होता है। वह आपके शरीर को पोषण देने और उम्र बढ़ने को उलटने में मदद करने के लिए नीचे दिए गए खाद्य पदार्थों को शामिल करने का सुझाव देती हैं।करक्यूमिनः हल्दी में मौजूद इस यौगिक को शक्तिशाली सेलुलर सुरक्षात्मक गुणों के लिए जाना जाता है, इसके एंटीऑक्सीडेंट प्रभावों के लिए धन्यवाद। एक उम्र के रूप में, वृद्धावस्था कोशिकाएं जमा हो जाती हैं जो माना जाता है कि उम्र बढ़ने और रोग की प्रगति में तेजी आती है।

**ग्रीन टीः** एपिग्लो कैटेचिन गैलेट (ईजीसीजी) ग्रीन टी में केंद्रित एक प्रसिद्ध पॉलीफेनोल यौगिक है। यह यौगिक दीर्घायु को बढ़ावा देता है और उम्र से संबंधित बीमारी से बचाता है।

**रेस्वेराट्रोलः** रेस्वेराट्रोल एक पॉलीफेनोल एंटीऑक्सीडेंट है जो सिर्टुइन नामक कुछ एंजाइमों को सक्रिय करके दीर्घायु को बढ़ावा देता है। रेस्वेराट्रोल मूंगफली, पिस्ता, अंगूर, रेड वाइन, ब्लूबेरी, क्रैनबेरी, कोको और डार्क चॉकलेट में पाया जाता है।

**लाइकोपीनः** यह मानव रक्त और ऊतक का एक महत्वपूर्ण घटक है और त्वचा को सूरज की क्षति से बचाने में मदद कर सकता है। प्रोसेस्ड टमाटर में लाइकोपीन की मात्रा सबसे अधिक होती है, लेकिन तरबूज, गुलाबी अंगूर और ताजे टमाटर भी अच्छे स्रोत हैं।

**टमाटरः** समय से पहले नहीं बल्कि खूबसूरती से उम्र सुनिश्चित करने के लिए अपने आहार में इन पोषक तत्वों में बदलाव करें।

# 10 हजार उम्मीदवार देंगे तीन हजार पदों के लिए इंटरव्यू

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अब उत्तराखंड में सभी कामों ने रफ्तार पकड़ ली है। चाहे वो काम स्मार्ट सिटी का हो या नौकरी का अब प्रदेश में हर काम तेज़ज़ी से होंगे हाल ही में प्रदेश में चल रही भर्तियों के इंटरव्यू अब तेजी से होंगे। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग अगस्त से मई तक एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है। जिसके तहत तीन हजार रिक्त पदों पर दस हजार अभ्यर्थी साक्षात्कार देंगे। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि राज्य में भर्ती की प्रक्रिया तेजी से चल रही है. उन्होंने कहा कि 22 में से 15 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं। बाकी सात भर्तियों की परीक्षाएं भी दिसंबर तक पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि नए साल के लिए भर्ती का कैलेंडर भी अगस्त में ही जारी कर दिया जाएगा. आपको बता देते की इन प्रमुख पदों पर होने जा रहे हैं इंटरव्यू असिस्टेंट प्रोफेसर- 455 पद, जेई- 776 पद, एई - 171 पद, पीसीएस - 314 पद, पीसीएस-जे - 13 पद, लोवर पीसीएस - 191 पद, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर - 63 पद मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू के निर्देश के बाद विभागों में भर्ती के प्रस्ताव आयोग के पास तेजी से आ रहे हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार के अनुसार सभी प्रस्तावों का भी तेजी से अध्ययन किया जा रहा है। इसी के तहत भर्ती की प्रक्रिया भी तेजी से की जाएगी। आयोग राज्य में भर्ती में तेजी लाने के साथ ही हर स्तर पर निगरानी भी कर रहा है. आयोग के अध्यक्ष का कहना है कि इसके लिए एक डैशबोर्ड बनाया गया है, जिस पर हर भर्ती परीक्षा का हर अपडेट किया जाता है, इस डैशबोर्ड से हम आसानी से परीक्षा आयोजित करने में सक्षम हैं।




# 142 नए संक्रमित मिले, 1140 पहुंची सक्रिय मरीजों की संख्या

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे के भीतर प्रदेश में 142 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि 38 मरीज ठीक हुए हैं। रविवार को एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है। वहीं, सक्रिय मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में फिलहाल 1140 कोरोना मरीजों का इलाज चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक रविवार को 914 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। वहीं, देहरादून जिले में सबसे ज्यादा 94, हरिद्वार में छह, नैनीताल में 15, अल्मोड़ा और पौड़ी में दो-दो, चमोली व चंपावत में एक-एक, टिहरी में सात, ऊधमसिंह नगर में तीन व उत्तरकाशी में 11 संक्रमित मरीज मिले हैं। प्रदेश की रिकवरी दर 94.96 प्रतिशत और संक्रमण दर 3.45 प्रतिशत दर्ज की गई।




दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा